


BEHAN BOX



# भारत की पहली डिजिटल जनगणना (आखिरकार) हो रही है।

2021 की जनगणना में देरी होने के कारण, भारत की पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। अद्यतन जनसंख्या आंकड़ों के आधार पर नीतियाँ बनाने के लिए नई जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

वैकल्पिक स्वयं-गणना की सुविधा के साथ, भारत के निवासी अब किसी गणनाकार के घर आने से पंद्रह दिन पहले ही एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर अपने घर-परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं।

**आपको यह जानना ज़रूरी है** →

# भारत की 2027 की जनगणना 2 हिस्सो में होगी

## पहला चरण

मकानों की सूचीकरण और आवास जनगणना

(अप्रैल-सितंबर 2026)

- सरकार घरों, सुविधाओं और संपत्तियों के बारे में जानकारी इकट्ठा करेगी।
- आप, गणना करने वाले के घर आने से 15 दिन पहले, एक वेब पोर्टल पर अपनी जानकारी जमा कर सकते हैं।

## दूसरा चरण

जनगणना

(फरवरी 2027)

- जनसांख्यिकीय जानकारी, शिक्षा, प्रवास, प्रजनन दर आदि—और पहली बार, जातिगत पहचान—एकत्र की जाएगी।


**पहले चरण में स्व-गणना अगले छह महीनों में क्रमबद्ध तरीके से की जाएगी।**

# स्व-गणना क्या है?

आज़ादी के बाद भारत की यह 8वीं जनगणना होने जा रही है, और पहली बार सारी जानकारी डिजिटल रूप से दर्ज की जाएगी।


स्व-गणना के ज़रिए, आप गणना करने वाले के आने से पहले ही एक ऑनलाइन पोर्टल पर अपने घर-परिवार की जानकारी खुद जमा कर सकते हैं।

**स्व-गणना एक विकल्प है और इसका उद्देश्य प्रक्रिया को सरल बनाना है।**



# आप स्व-गणना कैसे कर सकते हैं?

पहले se.census.gov.in के वेब पोर्टल पर जाइये। यह 16 भाषाओं में उपलब्ध है।



# आप स्व-गणना कैसे कर सकते हैं?

1. इसके बाद, SE पोर्टल पर लॉग इन करें।
2. अपना राज्य/केंद्र शासित प्रदेश चुनें और कैप्चा दर्ज करें।
3. अपना फ़ोन नंबर भरे*
4. नक्शे पर अपनी जगह चुने।
5. परिवार का विवरण भरें (आवास का प्रकार, संपत्तियाँ, घर में विवाहित जोड़े, पीने के पानी का स्रोत आदि)।
6. अपनी जानकारी भरे, और SE ID प्राप्त करें।
7. जब गणना करने वाला आपके घर आए, तो उन्हें SE ID दें।

*पोर्टल एक घर के लिए एक ही नंबर इस्तेमाल करने की सलाह देता है—आदर्श रूप से, यह नंबर 'घर के मुखिया' का होना चाहिए।

# ज़रूरी तारीखें जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए:

## अप्रेल

- अंडमान और निकोबार द्वीप: 1-15 अप्रैल
- NDMC और दिल्ली छावनी बोर्ड: 1-15 अप्रैल
- गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिज़ोरम, ओडिशा, सिक्किम: 1-15 अप्रैल
- गुजरात, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव: 5-19 अप्रैल
- उत्तराखंड: अप्रैल 10-24
- मध्य प्रदेश: अप्रैल 16-30
- आंध्र प्रदेश: अप्रैल 16-30
- अरुणाचल प्रदेश: अप्रैल 16-30
- चंडीगढ़: अप्रैल 16-30
- छत्तीसगढ़: अप्रैल 16-30
- हरियाणा: अप्रैल 16-30
- बिहार : अप्रैल 17 - मई 1

अनिर्णीत: पश्चिम बंगाल

## मई

- तेलंगाना: अप्रैल 26- मई 10
- पंजाब: अप्रैल 30 - मई 14
- दिल्ली एमसीडी विभाग: मई 1-15
- महाराष्ट्रा: मई 1-15
- मेघालय: मई 1-15
- राजस्थान: मई 1-15
- झारखंड: मई 1-15
- उत्तर प्रदेश: मई 7-21
- जम्मू और कश्मीर, लधाक, पाँडिचेरी: मई 17- 31

## जून

- हिमाचल प्रदेश: जून 1-15
- केरला: जून 16-30
- नागालैंड: जून 16-30

## जुलाई

- तमिल नाडु: जुलाई 17- 31
- त्रिपुरा: जुलाई 17-31

## अगस्त


- आसाम: अगस्त 2-16
- मणिपुर: अगस्त 17-31

# डिजिटल जनगणना 2027: अहम् मुद्दे

- लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों को विवाहित माना जाएगा, यदि वे अपने संबंध को 'स्थिर बंधन' मानते हैं।

- SE के दौरान प्रत्येक परिवार के लिए एक फ़ोन नंबर देने की सलाह दी जाती है; बेहतर होगा कि यह 'परिवार के मुखिया' का हो—यानी ऐसा व्यक्ति जो रोज़मर्रा के कामकाज संभालता हो, निर्णय लेता हो, और 'किसी भी लिंग का हो सकता है'।

- 1931 के बाद यह पहली जनगणना होगी, जिसमें जाति की गणना व्यवस्थित रूप से की जाएगी।



# डिजिटल जनगणना 2027

- इस तरह की डिजिटल जनगणना का डेटा गोपनीयता, निगरानी और समावेशन पर क्या प्रभाव पड़ेगा?
- यदि जनगणना घर के ‘मुखिया’ के नाम पर की जाती है, तो महिलाओं की स्वायत्तता और निर्णय-क्षमता पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?
- लिव-इन कानून, जो सरकार को और अधिक सशक्त बनाते हैं, अंतर-जातीय, क्वीयर और अंतर-धार्मिक संबंधों पर किस तरह प्रभाव डालेंगे?

शोधकर्ता ट्रिना विथयाथिल के साथ हमारा साक्षात्कार पढ़ें, जिसमें भारत में जाति-गणना के इतिहास पर चर्चा की गई है, और यह भी बताया गया है कि जनगणना 2027 में जातिगत सत्ता के साथ-साथ जातिगत अलगाव/दमन की भी गणना क्यों होनी चाहिए। पूरा साक्षात्कार **behanbox.com** पर पढ़ें।

Behanbox Talkies Caste Census

## ‘Census 2027 Should Enumerate Caste Power Alongside Caste Apartheid’

**Saumya Kalia**

New Delhi | August 18, 2025





इन सवालों को अगले कुछ हफ़्तों में विस्तार से समझने के लिए हमारे साथ जुड़े रहें।

behanbox.com
instagram.com/behanbox

**BehanBox के फेमिनिस्ट इलेक्शन न्यूज़रूम से जुड़ें:**
**tinyurl.com/FEN-signup**

**BehanBox के फेमिनिस्ट इलेक्शन न्यूज़रूम से मानसी ठाकरे द्वारा अनुवादित और अंजलि द्वारा संपादित**